an>

Title: Need to take appropriate action regarding dumping of uniform and shoes of jawans of CRPF martyred in naxal attack in Sukma District of Chhattisgarh in a garbage pile

श्री ताम्रध्वज साहू(दुर्ग) : उपाध्यक्ष जी, छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 14 जवान नक्सली हमने में शहीद हए। नक्सली हमने में शहीद हुए जवानों के बूट और वर्दी रायपुर में अंबेडकर हॉस्पिटल के बाहर कूड़े के ढेर पर पड़े मिले थे। इसी अस्पताल में मंगलवार को इन जवानों का पोस्टमार्टम हुआ था। शहीद जवानों का सामान 24 घंटे से ज्यादा समय तक कूड़े पर पड़ा था और इसे कुछ मरीजों के रिश्तेदारों ने सबसे पहले देखा था। हमले में मारे गए 14 सी.आर.पी.एफ. जवानों की शहादत का 'अपमान' हुआ। इस मामले में सी.आर.पी.एफ. के किसी अधिकारी की गलती हुई या सरकारी नाकामी रही, सरकार इस मामले में उचित कार्यवाही करे।